दिनांकः 31.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहिल्या बाई होल्कर जयंती समारोह में कहा–सरकार महिलाओं के नेतृत्व में विकास को बढावा दे रही है।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जयपुर में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में विभिन्न सौगातें दी–श्री नड्डा चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे हैं।
- राज्य में नागरिक सुरक्षा पूर्वाभ्यास के तहत आपात स्थिति में बचाव और राहत की तैयारियों को परखा जा रहा है।
- प्रदेश में कई स्थानों पर उमस भरी गर्मी का असर–हालांकि कहीं भी हीटवेव की स्थिति नहीं।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम हमला भारत की नारी शक्ति को चुनौती था और इसकी साजिश करने वालों के लिए मौत का संदेश साबित हुआ है। भोपाल में आयोजित जनसभा में श्री मोदी ने कहा कि किसी भी आतंकी कार्रवाई से सख्ती से निपटा जाएगा। लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में उन्होंने कहा कि सिंदूर भारत की वीरता का प्रतीक बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर देश के इतिहास में अब तक की सबसे बडी सफलता है।

.......................

सरकार की जनकल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के नागरिक देवो भवः मंत्र को शासन में अपनाया जा रहा है। सरकार महिला नेतृत्व में विकास के दृष्टिकोण को मुख्य आधार बना रही है। सरकार की हर बडी योजना में महिलाओं की भूमिका मुख्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उस दौर से निकल चुका है जब महिलाओं को आधुनिक टैक्नोलॉजी से दूर रखा जाता था। इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी और देवी अहिल्याबाई होल्कर के सम्मान में स्मारक डाक टिकट और तीन सौ रूपये का सिक्का भी जारी किया।

000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में पाकिस्तानी खुफिया एजेन्सियों से जुड़े लोगों की गहन तलाश की जा रही है। इसी सिलसिले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल ने डीग से दो भाइयों को हिरासत में लिया है। गंगूरा गांव के रहने वाले इन लोगों पर पाकिस्तान को सूचनाएं देने का आरोप है। पुलिस आरोपियों के फोन कॉल्स और जासूसी नेटवर्क की छानबीन कर रही है।

000

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने जयपुर दौरे में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने पिछले एक दशक में कार्य संस्कृति में व्यापक

बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि सरकार समग्र और समुचित स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

..................

श्री नड्डा ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में विभिन्न सौगातें दी। राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ लाड़ो प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही 32 हजार 755 छात्राओं सहित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं और बालिकाओं को सहायता राशि हस्तान्तरित की गई। उन्होंने राजस्थान पुलिस की डेढ सौ कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्री नड्डा जवाहर सर्किल पहुंचे और तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान मानव श्रृंखला बनाकर उनका स्वागत किया गया। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने अहिल्या बाई का स्मरण करते हुए कहा कि वे बडी समाज सुधारक थी। उन्होंने महिलाओं को आगे बढाने के लिए ऐतिहासिक काम किये। इससे पहले श्री नड्डा ने एमएनआईटी में स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे के बाहर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर और एयर स्ट्राइक ने ये साबित कर दिया है कि कोई हमारी तरफ आंख उठाएगा तो उसको घर में घुसकर जवाब दिया जाएगा।

................

श्री नड्डा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास पर हो रही इस बैठक में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर सहित कई आला अधिकारी मौजूद हैं। श

000

**फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल** के 25वें संस्करण को पूरे देश में कल एक विशेष तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया राष्ट्रीय राजधानी में इस विशेष संस्करण का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान कई खिलाड़ी और मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जून को विश्व साइकिल दिवस के साथ, कल का कार्यक्रम फिटनेस में साइकिल की भूमिका को पुष्ट करेगा, साथ ही सशस्त्र बलों के शहीदों को सामूहिक श्रद्धांजलि भी देगा।

000

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत आज पाली जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कोसेलाव, रोजड़ा और बांकली में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा शिलान्यास किया। श्री कुमावत ने कोसेलाव में बर्तन बैंक का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्य सड़क मार्गों पर ट्रोमा सेंटर प्राथमिकता से खोले जा रहे हैं। सांडेराव में जल्द ही ट्रोमा सेंटर खोला जाएगा। राज्य सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। साथ ही सेन्टर के लिए चार डॉक्टर्स और अन्य कार्मिकों की नियुक्ति को भी स्वीकृति दी गई है।

000

..................

000

राज्य में आज नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जा रहा है। केंद्र सरकार के निर्देश पर ऑपरेशन शील्ड के तहत ये मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट एक्सरसाइज की जा रही है। पहले ये अभ्यास 29 मई को होना था, जिसे स्थगित कर दिया गया था। गृह मंत्रालय के दिशा–निर्देशों पर हो रहे इस पूर्वाभ्यास के जरिये युद्ध और हवाई हमले की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों को परखा जा रहा है। डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि इसके तहत किसी भी आपात स्थिति से निपटने का पूर्वाभ्यास किया गया।

.................

ब्लैकआउट के दौरान घरों, कार्यालयों और वाहनों की लाइट बंद करने को कहा गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 7 मई को भी प्रदेशभर में मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट किया गया था।

000

सरिस्का बाघ अभ्यारण्य में इन दिनों गिद्धों का झुण्ड नजर आया है। ये लांग बिल्ड इण्डियन वल्चर लुप्त होने की कगार पर पहुंची प्रजाति है, जो अब सरिस्का के जंगलों में फिर से अपना घर बना रही है।

.......................

000

आज विश्व तम्बाकू निषेध दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तम्बाकू सेवन की रोकथाम करने और इससे होने वाले नुकसान की जानकारी देने के लिए दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित करता है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम रखे गये। इसी कड़ी में झुंझुनूं जिला मुख्यालय स्थित सूचना केंद्र में आम लोगों को तम्बाकू से दूर रहने का संदेश दिया गया। सवाईमाधोपुर में इस अवसर पर छात्र–छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई और तम्बाकू निषेध रैली भी निकाली गई। सिरोही में तम्बाकू निषेध शपथ कार्यक्रम हुआ।

000

प्रदेश में पूर्वी हिस्सों को छोड़कर बाकी जगह आंधी–बारिश की गतिविधियों में कमी के आसार हैं। वहीं 2 जून से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी चलने और गरज के साथ बारिश हो सकती है। इस बीच भीलवाड़ा, सिरोही सहित कई स्थानों पर उमसभरी गर्मी से लोग परेशान रहे। बीते चौबीस घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुई। बारां, अजमेर, सीकर, कोटा, टोंक, डूंगरपुर, चूरू, नागौर सहित कुछ स्थानों पर रिमझिम बारिश हुई। वहीं 9 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। हालांकि राज्य में कहीं भी हीटवेव की स्थिति नहीं रही।

000

दक्षिण कोरिया में चल रही एशियाई एथेलेटिक्स चैम्पयनशिप के अंतिम दिन भारत का पदक अभियान जारी रहा। पारूल चौधरी ने तीन हजार मीटर स्टीपल चेज में रजत पदक हासिल किया है। वहीं भाला फेंक स्पर्द्धा में सचिन यादव ने भी सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। धावक अनिमेष कुजूर ने कांस्य पदक जीता।

कुजूर ने पुरूषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन कर इसे 20 दशमलव 32 सैकण्ड में पूरा कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया। पहला और तीसरा स्थान कजाकिस्तान के खिलाड़ियों को मिला है।

000